News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-120
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

बिहार, रविवार 04 अगस्त 2024

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM



**आज का विचार**

व्यक्ति अपने विचारों के सिवाय कुछ नहीं है. वह जो सोचता है, वह बन जाता है.

# सरकारी स्कूल के प्रधान शिक्षक ने नाबालिग छात्रा से किया दुष्कर्म का प्रयास

## आक्रोशित लोगों ने बनाया बंधक

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

सीतामढ़ी, सीतामढ़ी के परसौनी थाना क्षेत्र के सरकारी विद्यालय में प्रधान शिक्षक द्वारा नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास किये जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजन व ग्रामीणों ने शनिवार को विद्यालय पहुंचकर मामले की जानकारी लेनी चाही तो प्रधान शिक्षक ने उनके साथ धक्का-मुक्की कर स्कूल से भगा दिया और मामले को रफा-दफा करने की धमकी देने लगा। उसकी धमकी सुनने के बाद सैकड़ों ग्रामीण आक्रोशित होकर स्कूल पहुंचे और प्रधान शिक्षक को बंधक बना लिया। इस दौरान लोगों ने जमकर हंगामा मचाया।





प्रधान शिक्षक की पहचान धोधनी गांव निवासी डॉ अमरेंद्र साह उम्र करीब 58 वर्ष के रूप में की गई है। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब दो घंटे तक प्रधान शिक्षक को स्कूल में बंधक बनाये रखा। हंगामा की सूचना पाकर बीडीओ अनिल कुमार, थानाध्यक्ष ओम पुकार प्रिय,112 नबर की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुँचकर प्रधान शिक्षक को गिरफ्तार किया और पीड़ित छात्रा व उसके परिजनों से पूछताछ के बाद केस दर्ज किया गया। इसके बाद पदाधिकारी ने लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान शिक्षक चरित्रहीन इंसान है। इस घटना के आलावे भी वह महिलाओं के साथ दुष्कर्म कर चुका है, जिसे सामाजिक स्तर पर सलटा दिया गया था।

मामले की छानबीन कर रहे बीडीओ अनिल कुमार एवं थाना अध्यक्ष ओम पुकार प्रिय को आठवी कक्षा के छात्रा ने उम्र करीब 14 वर्ष बताया। विगत मंगलवार को विद्यालय बंद होने के प्रधान शिक्षक ने क्लास मोनिटर बनाने की बात कह कर रुकने को कहा और कार्यालय बंद करने के लिए कहा। जब वो कार्याल बंद करने गई तो वो छेड़खानी करने लगे और जबरन हाथ पकड़ दुष्कर्म करने की कोशिश करने लगे। जिसके बाद रोते बिलखते वो घर पहुँची और पूरी बात परिजन को बताया। वही वर्ग सात की 13 वर्षीया छात्रा ने पदाधिकारी को बताया कि विगत पांच दिन पूर्व प्रधान शिक्षक ने विद्यालय बन्द होने के बाद जबरन रुकबा लिया और छेड़खानी करने लगा। जिसकी सूचना परिजनों को दी थी।

वर्ग आठवी के पीड़ित छात्रा की दादी ने बताया कि गुरुवार को पोती ने सारी घटना की जानकारी दी। जिसके पूछताछ के लिए आज विद्यालय गई तो प्रधान शिक्षक के द्वारा दबंगता कर हमलोगों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। जिसके बाद ग्रामीण एकजुट होकर आक्रोशित हो गए। वही दूसरी पीड़ित वर्ग सात की छात्रा की माँ ने बताया कि चार पांच रोज पूर्व प्रधान शिक्षक ने उनकी पुत्री के साथ छेड़खानी कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जिसके बारे में जब पूछताछ के लिए आज स्कूल गई तो प्रधान शिक्षक ने धक्का मुक्की करके बाहर निकाल दिया। इतनी बड़ी घटना के बावजूद शिक्षा विभाग के पदाधिकारी ने संज्ञान नही लिया और घटना की जांच करने अबतक विद्यालय नहीं पहुँच सके।

बीडीओ अनिल कुमार ने घटना के दौरान शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के पदाधिकारी असंवेदनशील है।उन्होंने इसके लिए बीआरपी को क्लास लगाते हुए कहा कि विद्यालय में जांच के नाम पर खानापूर्ति होता है। अगर जांच होती रहती तो विद्यालय में इतनी बड़ी घटना नहीं घटती। पीड़ित छात्रा के परिजनों ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। केस दर्ज होने के बाद थानेदार ओम पुकार प्रिय ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। केस दर्ज होने के बाद आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है जिससे पूछताछ के बाद जेल भेजा जाएगा।

### विधानसभा अध्यक्ष ने नेत्रदान करने का लिया संकल्प

# बोले नंदकिशोर..समाज ने जो दिया उसे चुकाने की कोशिश

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, अंगदान महादान है...बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का यही कहना है। उन्होंने अपनी मृत्यु के बाद अपनी आंखें दान करने का संकल्प लिया है। उनका कहना है हर किसी को यह संकल्प लेना चाहिए। उनके जाने के बाद उनका अंग किसी के काम आए इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। उन्होंने यह संकल्प पूरी परिवार की सहमति से लिया है। बता दें कि नंदकिशोर यादव पटना साहिब से विधायक हैं।



उनका कहना है कि कॉलेज के समय से ही वे ब्लड डोनेट करते आ रहे हैं। अब उन्होंने नेत्रदान करने का फैसला लिया है। राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर दधीचि देहदान समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के स्वैच्छिक नेत्रदान की घोषणा की। बिहार विधानसभा के वाचनालय में आयोजित कार्यक्रम में दधीचि देहदान समिति की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। मंच को संबोधित करते हुए नंदकिशोर यादव ने कहा कि समाज ने जो कुछ दिया है उसे चुकाने की कोशिश कर रहे हैं। मृत्यु के बाद नेत्रदान करने का संकल्प लिया है। उन्होंने अन्य लोगों से भी अंगदान करने की अपील की। कहा कि किसी की मौत के बाद यदि किसी व्यक्ति को जिन्दगी मिलती है तो इससे अच्छी बात और क्या हो सकता है। अंगदान से पीड़ित मानवता को मदद मिलती है। बता दें कि दधिचि देहदान समिति और मां वैष्णो देवी सेवा समिति के संरक्षक रहे सुशील कुमार मोदी ने बिहार में अंगदान व देहदान को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास किये थे लेकिन कैंसर के कारण मेडिकल छात्रों की पढ़ाई या मरीजों के लिए उनके अंग नहीं लिए जा सके। बिहार के डिप्टी सीएम बनने के बाद सुशील मोदी की सक्रियता से नेत्रदान और देहदान बढ़ा था। इसी दौरान उन्होंने अपने शरीह को भी दान करने का संकल्प लिया था।

### जांच के लिए पहुंची FSL टीम

# मुजफ्फरपुर में पॉलिटेक्निक की छात्रा ने की खुदकुशी

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर में आत्महत्या की घटना हैरान करने वाली है. महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली. घटना की सूचना मिलने के बाद कालेज के हॉस्टल में हड़कंप मच गया. आनन-फानन में इसकी जानकारी पुलिस और कॉलेज प्रशासन को दी गयी. छात्रा की आत्महत्या के पीछे का कारण जानकर हर कोई हैरान है. वहीं, सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है.





घटना बेला थानाक्षेत्र के मुजफ्फरपुर महिला पॉलिटेक्निक के हॉस्टल की है. मृतका की पहचान सारण जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय अंजली कुमारी के रूप में हुई है. वह सेकंड सेमेस्टर में पढ़ाई कर रही थी. अन्य स्टूडेंट्स से पूछताछ में पता चला है कि सेकंड सेमेस्टर का रिजल्ट जारी हुआ है. इसमें उसे एक सब्जेक्ट में क्रॉस लग गया था. इससे पहले भी फर्स्ट सेमेस्टर में भी वह दो बार फेल हो चुकी थी, इससे वह काफी परेशान थी.

हॉस्टल के अन्य छात्राओं ने बताया कि दो बार बैक लगने से वह तनाव में थी. शायद इसी वजह से उसने हॉस्टल की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली. गार्ड ने हॉस्टल के पीछे नाली में लड़की का शव देखा तो हल्ला किया. हॉस्टल की संचालिका को सूचना दी. इसके बाद पुलिस को भी घटना की सूचना दी गयी.

# बिहार में गरज-चमक के साथ होगी धुआंधार बारिश

### 4 दिनों का मौसम विभाग का लेटेस्ट अपडेट

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, बिहार में मौसम विभाग ने अगले 4 चार दिनों का डाटा अपलोट किया है. जिसके मुताबिक अगले 4 दिनों तक बिहार में जोरदार बारिश का पूर्वानुमान है. हालांकि सारण, पटना, बक्सर और नालंदा के कुछ भागों में जोरदार बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है.इन जिलों में अगले तीन में हल्के और मध्यम श्रेणी के मेघगर्जन के साथ वज्रपात और वर्षा होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है. इस दौरान बक्सर, पटना, नालंदा और सारण के कुछ इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चलने की चेतावनी जारी की गई है.

24 घंटे के लिए बक्सर, कैमूर, रोहतास, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया में अतिभारी बारिश का अंदेशा मौसम विभाग ने जताया है. इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. वहीं कटिहार, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल, बेगूसरा, लखीसराय, शेखपुरा, नवादा, गया, नालंदा, पटना, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद, भोजपुर. सारण, गोपालगंज पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में भारी बारिश की चेतावनी है. मौसम विभाग ने इन जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है.

जबकि 4 अगस्त से 5 अगस्त को 23 जिलों के लिए यलो अलर्ट है. 5 से 6 अगस्त तक पूरे उत्तर बिहार में भारी बारिश और मेघगर्जन के साथ वज्रपात की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग के मुताबिक 5 अगस्त से 6 अगस्त के बीच उत्तर बिहार में घनघोर बरसात होगी. 6 से 7 अगस्त तक नेपाल से लगे इलाकों में भारी बारिश और किशनगंज और पश्चिम चंपारण में तूफानी बारिश की संभावना जताई जा रही है. इस तरह पूरे 4 दिनों तक बिहार बारिश से तरबतर रहेगा. लोगों को वज्रपात से सावधान रहने की जरूरत है.

### Ambuja सीमेंट का बिहार में धांसू एंट्री

# ग्राइंडिंग यूनिट के लिए अडानी ग्रुप करेगा ? 1600 करोड़ का निवेश

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

अडानी ग्रुप के चेयरमैन और अरबपति गौतम अडानी की एक कंपनी ने बिहार में निवेश करने की योजना बनाई है. दरअसल, अडानी ग्रुप की कंपनी अंबुजा सीमेंट लिमिटेड बिहार के नवादा जिले के वारिसलीगंज में ग्राइंडिंग प्लांट स्थापित करने के लिए लगभग 1,600 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. ऐलान के मुताबिक वारिसलीगंज तहसील के मोसामा गांव में 60 लाख टन सालाना क्षमता की सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट लगाई जाएगी.इस ऐलान के साथ अंबुजा सीमेंट बिहार के सीमेंट सेक्टर में सबसे बड़ा निवेश करने





जा रही है. कंपनी के मुताबिक यह प्रोजेक्ट 3 चरणों में पूरा किया जाएगा और पहले चरण में 1100 करोड़ रुपये के निवेश से 24 लाख टन क्षमता तैयार की जाएगी. इसे दिसंबर 2025 तक तैयार करने का लक्ष्य है.बिहार इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी यानी बियाडा की तरफ से आयोजित शिलान्यास समारोह में बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि अडानी ग्रुप का यह निवेश राज्य में ग्रोथ की गुंजाइश और बिहार के लोगों को विकास को बढ़ाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाता है. इस प्लांट से सूबे को सालाना 250 करोड़ रुपये का रेवेन्यू मिलेगा. इसके साथ ही 250 डायरेक्ट और 1 हजार इनडायरेक्ट नौकरियां तैयार होंगी. अंबुजा सीमेंट्स को बियाडा ने इस यूनिट के लिए 67.90 एकड़ जमीन अलॉट की है.नवादा के अलावा अंबुजा सीमेंट्स को बियाडा ने महबल, मोतीपुर (मुजफ्फरपुर) में दूसरे सीमेंट यूनिट के लिए 26.60 एकड़ जमीन अलॉट किया है. हालांकि इसके लिए पर्यावरण से जुड़ा क्लियरेंस लेना अभी बाकी है.

# पेड़ पौधे की डाली बिजली के तार पर गिरने से बिजली फॉल्ट हो रही--सहायक अभियंता विवेक कुमार



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

शिवहर, शिवहर पिछले दिनों से चरमराई बिजली व्यवस्था को लेकर स्वयं जिला पदाधिकारी पंकज कुमार ,पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय ने बिजली विभाग के ईस्कूटी इंजीनियर (कार्यपालक अभियंता विद्युत) से संपर्क कर जिले में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर दिशा निर्देश दिया है।

जिला पदाधिकारी पंकज कुमार ने आज दिन में तीन बार बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से जिले में बिजली व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है तथा निर्देशित किया है कि हर हाल में उपभोक्ताओं को निर्वाध रूप से बिजली उपलब्ध कराए।

बिजली विभाग के सहायक अभियंता विवेक कुमार ने बताया है कि पिपराही फीडर में आधा जगहों पर बिजली उपलब्ध है, शेष जगहों पर बिजली उपलब्ध हो इसके लिए 45 मानव बल के द्वारा काम कराया जा रहा है।

डुमरी फीडर फिलहाल ठीक है, वहां बिजली उपलब्ध है। सहित अन्य फीडरों से बिजली सप्लाई की जा रही है।

सहायक अभियंता विवेक कुमार ने बतलाया है की बरसात का मौसम है ,
बिजली के पोल पर पैड की डाली टूट कर गिर जाने से फाल्ट हो रहा है।

बिजली का अधिकतर पोल खेत में है ,बास की डाली, पेड का डाली छोटी सी हवा में भी टूट कर गिर जा रही है फॉल्ट को खोजते - खोजते बिजली कर्मी काफी परेशान हो रहे हैं फिर भी अपने कर्तव्य पर रहकर बिजली फाल्ट को ठीक कर बिजली आपूर्ति कर रहे हैं।